



## खबर संक्षेप

### दिनदहाड़े स्कूटी की डिक्की तोड़ 2 लाख उड़ा ले गए चोर

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के खरसिया ब्लॉक से फिल्मी स्टाइल में उठाईगिरी का मामला सामना आया है। जहां किराने की दुकान के बाहर से स्कूटी की डिक्की तोड़ कर 2 लाख रूपए की चोरी कर ली गई। पूरा मामला खरसिया का है, जहां अंजोरीपाली की रहनें वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला नोनीबाई दीवान अपने बेटे कौशल प्रसाद दीवान के साथ मंगलवार की सुबह खरसिया के स्टेट बैंक गई हुई थी, जहां से अपने घर की निजी जरूरतों के लिए उन्होंने अपने दिवंगत पति के पेंशन की राशि 2 लाख रूपए कर निकासी की और पूरे सावधानी के साथ उन रूपयों को अपनी स्कूटी की डिक्की में रखा और उसे अच्छी तरह से लॉक कर दिया और अपने घर के लिए निकल गए। उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अंदाजा नहीं था कि बैंक के बाहर से ही उन पर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नजर रखी जा रही थी। जैसे ही महिला नोनीबाई दीवान अपने बेटे कौशल प्रसाद दीवान के साथ रायगढ़ चौक पर स्थित एक किराने की दुकान पर सामान लेने के लिए रूके तब दो अज्ञात चोर बाइक पर सवार होकर आए और स्कूटी डिक्की का लॉक तोड़ उसमें रखे 2 लाख रुपए को लेकर रफ्फू चक्कर हो गए। जब तक मां बेटे को कुछ समझ आता तब तक दोनों चोर फरार हो चुके थे। दिनदहाड़े घटी इस घटना से इलाके में हडकंप मच गया, वहीं पुलिस नें मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

### पेंशनर्स कर्मचारी एसोसिएशन ने निकाली रैली

**रायगढ़।** राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस के मौके पर जिलेभर के पेंशनर्स बुधवार को एक साथ एकत्रित होकर कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात है कि 17 नवंबर को देशभर में राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के पेंशनर्स कर्मचारी एसोसिएशन ने रैली निकालते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने बताया कि आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग के संदर्भ शर्तो में कुछ ऐसे शब्दावली का प्रयोग किया गया है जो कि आपत्तिजनक है इसलिए उसे हटाया जाना चाहिए। और इसके साथ ही पेंशनरों के आयोग की सभी चर्चाओं में पेंशनरों को शामिल किया जाए।वित्त अधिनियम 2025 से सभी विवादित धरायें हटाई जाएं। कोरान काल में बंद की गई सुविधाएं शुरू करनें की मांग पेंशनर्स एसोसिएशन ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि कोरोना काल में सीनियर सिटीजन को रेलवे में मिलनें वाली रियायत एवं सुविधाएं बंद कर दी गई थी। जिसे आज तक शुरू नहीं किया गया है, जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए उन्होंने सीनियर सिटीजन को मिलने वाली सुविधाओं को फिर से शुरू करने की मांग की है।

डाक्यूमेंट मिलान नहीं होने और सर्वर की समस्या बन रही बाधा

# बच्चों की अपार आईडी नहीं बनी तो प्राचार्यों का रूकेगा वेतन..!



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण प्रक्रिया को लेकर अब शिक्षा विभाग के द्वारा सख्त रूप अपनाया जा रहा है।

विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निंधारित समय सीमा में अपार आईडी बनाने का कार्य पूरा नहीं किया गया तो जनवरी माह में सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों का वेतन रोका जाएगा और इसके साथ ही निजी स्कूलों की मान्याता भी खतरे में पड़ सकती है। शिक्षा विभाग की इस सख्त चेतावनी के बाद जिले भर के शासकीय और निजी विद्यालयों में अपार आईडी बनाने को लेकर हड़कंप मच गया है। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में वर्तमान में 94 प्रतिशत विद्यार्थियों की अपार आईडी का निर्माण पूर्ण हो चुका है, और राज्यभर में अपार आईडी बनाने के क्रम में जिले का तीसरा स्थान है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार निर्देश जारी करने के बाद भी कुछ शालाओं में बच्चों की अपार आईडी बनाने को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, इस वजह से थोड़ी परेशानी आ रही है। अब ऐसे स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी विभाग के द्वारा की जा रही है।

### अपार आईडी बनाना क्यों है जरूरी

अपार आईडी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत लागू किया गया है। यह विद्यार्थियों की एक डिजिटल शैक्षणिक पहचान है, जिसमें छात्र की पढ़ाई से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारी जैसे परीक्षा परिणाम, प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति व शैक्षणिक जानकारी सुरक्षित रहती है।

### आधार और सर्वर की समस्या बन रही बाधा

अपार आईड़ी बनाने के लिए स्कूलों एवं विद्यार्थियों के सामने कई प्रकार की समस्याएं आ रही हैं। नाम मिसमैच, आधार और यू डाइस में जन्मतिथि में अंतर जैसी कई दिक्कते हैं। अपार आईडी बनने में इस वजह से भी देरी हो रही है क्योंकि कई ऐसे विद्यार्थी जिनके माता पिता अन्य राज्यों से यहां कमाने खाने के लिए आए हैं और उनके बच्चे यहां के स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं, ऐसे कई बच्चों का आधार बना ही नहीं है। वहीं अपार बनाने में सर्वर की समस्या का भी सामना करना पड़ रहा है।

### अपार के लिए सारे नियम टूट रहे

विभाग और स्कूलों पर अपार आईडी बनाने को लेकर कितना दबाव है इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके लिए स्कूलों के द्वारा सारे नियमों को दरकिनार कर दिया जा रहा है। दरअसल जन्मतिथि में अंतर की वजह से कई बच्चों का अपार नहीं बन पा रहा है ऐसे में कई स्कूलों के प्राचार्य यूडाइस में बच्चों के जन्मतिथि को बदल दिया जा रहा है, वर्तमान में जन्मतिथि बदलने से अपार आईडी बन जाएगी पर बाद में छात्रों को इसको लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### राज्य में जिला तीसरे नंबर पर

अपार आईडी बनाने को लेकर राज्यभर में जिले का स्थान तीसरे नंबर पर है। जिले में कुल 2 हजार 584 स्कूलों के कुल 2 लाख 29 हजार 668 छात्रों का अपार आईडी बनाए जाने का लक्ष्य था, जिसमें से अब तक कुल 2 लाख18 हजार 582 छात्रों का अपार बनाया जा चुका है। इस तरह कुल 95.17 प्रतिशत अपार बनाया जा चुका है। ब्लॉक वाइस देखा जाए तो धरमजयगढ़ में सबसे कम 92 प्रतिशत और पुसौर में सबसे ज्यादा 97 प्रतिशत विद्यार्थियों का अपार आईडी बनाया जा चुका है।

## रामभाठा क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 7 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रामभांठा क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर हुए मारपीट और तोड़फोड़ के मामले में कोतवाली पुलिस ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बलवा के अपराध में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी जब्त किए हैं। 16 दिसंबर को प्रार्थिया उषा चौहान पिता कमलेश चौहान 20 वर्ष निवासी जवाहर नगर रामभांठा ने थाना कोतवाली में लिखित आवेदन में बताया गया था कि 15 दिसंबर की रात्रि करीब 9 बजे उसकी बहन ईशा चौहान ने पुरानी रंजिश के चलते सोनी सारथी एवं बादल उर्फ सानू सारथी के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट थाना कोतवाली में दर्ज कराई थी, जिस पर अपराध क्रमांक 659/2025 धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था। रिपोर्ट दर्ज होने से नाराज होकर अगले दिन 16 दिसंबर की दोपहर सोनी सारथी अपने भाई आकाश सारथी, बादल उर्फ सानू तथा उनके अन्य साथियों अनिकेत सारथी, अंकित सारथी, ओम सारथी, कान्हा और यश के साथ हथौड़ा, डंडा एवं लोहे की रॉड लेकर उनके घर पहुंचे और थाना में रिपोर्ट करने की बात को लेकर गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। आरोपियों ने घर के बाहर खड़ी बुलेट मोटरसाइकिल और बजाज पल्सर एनएस-200 में भी हथियारों से तोड़फोड़ की। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लोहे का हथौड़ा, बेसबॉल बैट एवं बांस का डंडा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बादल उर्फ सानू सारथी, आकाश सारथी, सोनी उर्फ दुर्गा सारथी, ओम सारथी, यश महानंद, अंकित सारथी एवं अनिकेत सारथी सभी निवासी जवाहर नगर रामभांठा रायगढ़ शामिल हैं, जिन्हें भेज दिया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत 29 हितग्राहियों को मिली प्रथम किश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 शहरी के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी की गई। इस अवसर पर कुल 29 हितग्राहियों के बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की गई, जिससे हितग्राहियों में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के अंतर्गत आवास निर्माण की प्रगति के अनुसार किस्तों का भुगतान किया जाता है। प्रथम किस्त मिलने के बाद हितग्राही अपने आवास निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत कर सकेंगे। इस अवसर पर अधिकारियों ने हितग्राहियों क निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय.सीमा में पूर्ण करने की अपील करते हुए शासन के दिशा.निर्देशों का पालन करने की बात कही है। साथ ही यह भी बताया गया कि निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी और नियमानुसार अगली किस्तें जारी की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने अपील की कि जो पात्र हितग्राही अभी तक योजना से नहीं जुड़ पाए हैं, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकते हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से आम नागरिकों के पक्का मकान के सपने को साकार किया जा रहा है। वर्तमान में पीएम 2.0 योजना अंतर्गत 48 हितग्राहियों ने आवेदन किया थाए जिसमें 29 हितग्राहियों को प्रथम किस्त जारी कर दिया गया। इसी तरह 19 हितग्रहियों का भी प्रथम किस्त प्रोसेस कर दिया गया। जल्द ही शेष 19 हितग्रहियों के बैंक खाते में योजना का प्रथम किस्त जारी हो जाएगा। कैदीमुड़ा निवासी सावित्री श्रीवास, कौहाकुंड निवासी रंजीव कुजूर, बागीनराम पारा निवासी सावित्री बारसागडे ने योजना का प्रथम किस्त मिलने पर राज्य एवं केंद्र शासन सहित निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

## गांव में अवैध शराब के बनाने और बिक्री को लेकर महिलाएं हुई लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ग्रामीण इलाकों में अवैध तरीक से शराब बिक्री की कई तरह की शिकायतें लगभग हर रोज जिले के कई थानों में आती है, जिस पर प्रशासन के द्वारा कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसके बाद भी इन विक्रेताओं के हौसले इतने बुलंद होते हैं कि वो कार्रवाई के बाद भी शराब की अवैध तरीके से बिक्री करना बंद नहीं करते। इसी अवैध तरीके से गांव में शराब के निर्माण व बिक्री को लेकर अब गांव की महिलाएं लामबंद हो गई हैं। पूरा मामला पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम डारआमा का है, जहां की महिलाओं ने बुधवार को अपने गांव में शराब के निर्माण एवं बिक्री को बंद कराने के लिए रायगढ़ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपते हुए गांव के महिलाओं ने बताया कि वे उनका गांव डारआमा के मोहल्ला दलदली और ढेंगरचुआं में कई लोगों के द्वारा अवैध रूप से शराब का निंमाण किया जाता है और वहीं गांव में एक शासकीय शराब की दुकान भी है। जिसकी वजह से गांव के बड़े तो बड़े, बच्चे भी शराब का सेवन कर रहे हैं। जिसका खामियाजा पूरे परिवारवालों को भुगतना पड़ रहा है।

### घर में आर्थिक परेशानी, महिलाएं भी सुरक्षित नहीं

महिलाओं ने शिकायत करते हुए बताया कि उनके गांव में शराब की अवैध रूप से बिक्री होने के कारण गांव के युवा और बच्चे शराब के आदी होते जा रहे हैं। बच्चे स्कूल तक नहीं जाते और घर का सारा पैसा शराब में फूंक देते हैं, जिसकी वजह से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं शराबियों की वजह से गांव की महिलाएं भी सुरक्षित नहीं है। शराबियों के द्वारा उनसे लड़ाई झगड़ा किया जाता है। इसलिए गांव में अवैध रूप से बन रहे शराब और शराब की दुकान पर कार्रवाई कर उसे बंद करवाना आवश्यक है।

### टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत खरसिया विकासखण्ड में उपचाररत टीबी मरीजों को पोषण आहार हेतु फूड बास्केट का वितरण किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुश्री रंजना पैकराए के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शारदा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेडए नहरपाली रायगढ़ द्वारा 50 टीबी मरीजों को पोषण आहार हेतु फूड बास्केट का वितरण किया गया।

## मारपीट से घायल हुई बुजुर्ग महिला की अस्पताल में मौत, पुलिस हिरासत में आरोपी

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ठाकुरपोड़ी दर्रापारा में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से घायल हुई 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। कापू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ठाकुरपोड़ी दर्रापारा निवासी सोनमति केरकेट्टा पति करूं केरकेट्टा 82 वर्ष को दिनांक 12 दिसंबर को पुरानी रंजिश के चलते उसके गांव के ही सबीलाल केरकेट्टा द्वारा डंडे से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। मारपीट में सिर में गंभीर चोट लगने से सोनमति केरकेट्टा मौके पर ही बेहोश हो गई थी, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलगांव में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान दिनांक 15 दिसंबर की दोपहर उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना पत्थलगांव से बिना नंबरी मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद कल कापू थाना प्रभारी उप निरीक्षक इगेश्वर यादव द्वारा असल मर्ग कायम कर गवाहों के कथन लिए गए। मृतिका के परिजनों के बयान और पीएम रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर द्वारा मृत्यु का कारण होमिसाइडल लेख किए जाने पर कापू पुलिस ने आरोपी सबीलाल केरकेट्टा पिता अमरसाय केरकेट्टा उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम ठाकुरपोड़ी दर्रापारा के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया। कापू पुलिस टीम ने ग्राम ठाकुरपोड़ी दर्रापारा में दबिश देकर आरोपी को उसके घर के सामने खेत की ओर लुकते-छिपते घूमते हुए घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

बार-बार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर जताई नाराजगी

## एनएसयूआई ने शिक्षा विभाग में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर के शिक्षा विभाग कार्यालय में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं के द्वारा ताला जड़ दिया गया और कार्यालय के बाहर बैठ कर जम कर नारेबंदी की गई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग पर वैदिक स्कूल को संरक्षण देने का आरोप भी लगाया।

दरअसल एक छात्र को स्कूल के ही शिक्षक के द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने की शिकायत लेकर छात्र के परिजन शिक्षा अधिकारी के पास पहुंचे थे, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित नहीं थे। तब परिजनों नें उनके स्थान पर किसी अन्य अधिकारी को आवेदन लेने के लिए कहा, जिस पर वहां उपस्थित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने आवेदन लेने से मना कर दिया। ऐसे में परिजनों व एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग में ताला जड़ दिया। एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि वैदिक स्कूल को विभाग के द्वारा संरक्षण प्रदान किया जा रहा है। हर बार किसी ना किसी बात को लेकर स्कूल विवादों में ही रहता है। पूर्व में भी स्कूल के द्वारा दीपावली व अन्य छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण त्यौहार पर छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा छुट्टी घोषित करने के बाद भी उक्त स्कूल इस पर छुट्टी ना देकर बच्चों को स्कूल बुलाता है। एनएसयूआई द्वारा अब तक 5 बार स्कूल के खिलाफ शिक्षा अधिकारी को लिखित में शिकायत की जा चुकी है, इसके बाद भी विभाग के द्वारा उस स्कूल पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। ऐसे में यह कार्यालय जब कोई काम ही नहीं होना है तो इसे बंद कर देना चाहिए कहते हुए कार्यकर्ताओं नें विभाग पर ताला लगा दिया।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 889. बलराज पाठक पिता\पति स्व. एम्.आर. पाठक पता- वार्ड .न.17 मठपारा उरकुरा रायपुर, 890. आरती राजपूत पिता\पति मोहन सिंह गौतम पता - मौलश्री विहार रायपुर, 891. महेंद्र चंद्राकर पिता\पति झुमुक लाल चंद्राकर पता- खोरपा रायपुर, 892. लेखराज सोनी पिता\पति कमलेश सोनी पता- लोधी पारा पंडरी अवंती बाई चौक, 893. राजकुमारी दीवान पिता\पति माखन सिंह दीवान पता- साईं नाथ कॉलोनी कोटा रायपुर, 894. वैभव साहू पिता\पति ओम प्रकाश साहू पता- धनेली धरसीवा रायपुर, 895. लछनी देवांगन पिता\पति स्व. पुरु देवांगन पता- नंदी चौक टिकरापारा, 896. भूषण लाल साहू पिता\पति स्व. प्यारे लाल साहू पता- न्यू शांति नगर रायपुर, 897. राधिका साहू पिता\पति शंकर लाल साहू पता- टिकरापारा सुदामा नगर क्रांति चौक रायपुर, 898. रामावतार यादव पिता\पति स्व. जीवराखन यादव पता- श्याम नगर रायपुर, 899. विजय लक्ष्मी साहू पिता\पति हरिराम साहू पता- पांडुका, 900. गीता निषाद पिता\पति हेम कुमार निषाद पता- सोरिद खुर्द, 901.काव्यांश साहू पिता\पति कुलदीप साहू पता- नगरी वार्ड न. 8 नगरी, 902. कु.काव्या साहु पिता\पति चोपेंद्र साहू पता- भाठापारा मुरा, 903. उषा रामटेके पिता\पति मुरली प्रसाद दुबे पता- डोंगरगांव, 904. मुकुल कुमार श्रीवास पिता\पति कीर्तन कुमार श्रीवास पता- लाखोली राजनादगांव, 905. स्मित सेठिया पिता\पति नवीन सेठिया पता- प्रवीर वार्ड जगदलपुर, 906. कार्तिक भूरा पिता\पति गिरीश भूरा पता- केवटा पारा दीनदयाल उपाध्याय वार्ड न. जगदलपुर, 907. चिंता राम खुटे पिता\पति सुखीराम खुटे पता- बी.जे.पी ऑफिस के पीछे महासमुंद, 908. सरस्वती साहू पिता\पति राधेश्याम साहू पता- भैंसा, 909. रंजना बघेल पिता\पति टेकराम बघेल पता-आर.के .जी स्कूल के पास कोकड़ी, 910. दिव्यांश पिता\पति कमल नारायण साहु पता- घिरघोल पलारी, 911. पल्लवी साहू पिता\पति भाई राम साहू पता- दौजरी कवर्धा, 912. शकुन्तला देवी पिता\पति स्व. मगरू प्रसाद विश्वकर्मा पता- सरगीपाल कोंडागांव, 913. कृष्णा मूर्ति पिता\पति अन्कैया पता-भिलाई, 914. कैलाश देवांगन पिता\पति लक्ष्मन देवांगन पता-म.न.-5H A.V.B सेक्ट-11 भिलाई, 915. यामिनी साहू पिता\पति प्रेम लाल साहू पता- पॉवर हाउस भिलाई, 916. भूपेंद्र प्रसाद पिता\पति नथुनी राम पता- म.न.524 सड़क न.16 वार्ड न.40 भिलाई, 917. सत्यभामा पटेल पिता\पति भुवन लाल पटेल पता- खुरसुल बोरई दुर्ग, 918. तुलसी साहू पिता\पति अवध राम साहू पता- ओम नगर लोधी पारा उरला, 919. भारती अग्रवाल पिता\पति जगदीश अग्रवाल पता- न्यू बोरसी कॉलोनी, 920. तेजेस्वी साहू पिता\पति भूषण साहु पता- उरला बजरंग पारा वार्ड नंबर 58, 921. भूमिका यादव पिता\पति अनिल यादव पता-विजय नगर डीपरा पारा वार्ड न.39, 920. कुंजल साहू पिता\पति मनीष साहू पता- धनोरा सत्ती पारा दुर्ग, 921. बलराम वर्मा पिता\पति स्व भरत लाल पता- सेलूद भिलाई दुर्ग, 922. चन्दन कौमार्य पिता\पति मेघेश कुमार साहु पता- जगदीश विहार धनोरा, **बिलासपुर संस्करण**- 923. रोहन गौरीलाल मरावी पिता/पति गौरीलाल मरावी पता- कोरबा, 924. निखिल श्रीवास पिता/पति श्रवण कुमार श्रीवास पता- कोरबा, 925. लकेश्वर साहू पिता/पति लक्षन साहू पता- कोरबा, 926. यशिका कैवर्त पिता/पति चरन लाल कैवर्त पता- बेलकछार बालको, 927. विजय लक्ष्मी सारथी पिता/पति रंजीत सारथी पता- संगम नगर बालको, 928. आरुष रंताई पिता/पति अविनाश रंताई पता- बालको, 929. वीरेंद्र कश्यप पिता/पति अशोक कश्यप नेहरू नगर बालको, 930. निकलोस केरकेटा पिता/पति सीमों केरकेटा पता- नेहरू नगर बालको, 931. प्रियंका सिंह पिता/पति सुरेन्द्र सिंह पता- दीपका, 932. मेधा राजवाड़े पिता/पति चंद्रा प्रताप राजवाड़े पता- बिरदा कोरबा, 933. रेशम लाल साहू पिता/पति पुरषोत्तम साहू पता- बेलकछार बालको, 934. प्रकाश कुमारी माहेश्वरी पिता/पति मंगल सिंह माहेश्वरी पता- चांपा कोरबा, 935. कुनिशा विश्वकर्मा पिता/पति ओमप्रकाश विश्वकर्मा पता- भिलाई चरुदा बालको, 936. नरेंद्र निर्मलकर पिता/पति बाबूलाल पता- अंबडेकर भवन पीछे बालको, 937. मंजु उपाध्याय पिता/पति दीपक उपाध्याय पता- पारसाभाटा, 938. मालती सराफ़ पिता/पति मनोहर लाल सोनी पता- राम सागर पारा कोरबा, 939. समीर कुमार सेन पिता/पति केदार नाथ पता- गजरा साइड, 940. गौरी बाई कश्यप पिता/पति सखाराम कश्यप पता- मलगाव, 941. देयन पात्रे पिता/पति अनूप कुमार पात्रे पता- शांति विहार रायपुर, 942. वीणा पारकर पिता/पति भगवती पारकार पता- होउसिंग बोर्ड शांति नगर बालको, 943. विष्णु लाकर पिता/पति खोया राम पता- कैलाश नगर बालको, 944. शुभाशीष मुखर्जी पिता/पति स्व. बी. सी. मुखर्जी पता वार्ड नंबर- 014 नमनकला अम्बिकापुर, 945. रोहित टोप्पो पिता/पति विजय पता- इंद्रपुर अम्बिकापुर, **भोपाल संस्करण** – 946. बिंदु पिता\पति रोशनलाल नाई पता- मकान नं.74 शिवनगर हुजूर भोपाल, 947. रोशनलाल सेन पिता\पति बाबूलाल सेन पता- नया बसेरा भोपाल, 948. रूद्रप्रताप सिंह पिता\पति राज प्रताप सिंह पता- भोपाल, 949. काजल वाघमारे पिता\पति संदीप वाधमारे पता- झुग्गी नं.31 शिव नगर जाटखेड़ी भोपाल, 950. सूरज गिरि पिता\पति संजीव गिरी पता- 180 बाग सेवनिया, 951. राजकुमार बागड़े पिता\पति नत्थूजी वागद्रेबाबा पता- नगर सी-सेक्टर शाहपुरा, 952. मो.असफाक पिता\पति मो. इसाक पता- दुर्गा नगर पंचशील नगर मकान न.181, 953. रोशनलाल पिता\पति बाबू लाल पता- नया बसेरा कोटरा, 954. राम अवतार ठाकुर पिता\पति भूमन सिंह ठाकुर पता- एच-6866 शांति प्रकाश नगर भोपाल, 955. मधु माली पिता\पति सागर माली पता- वार्ड नं 4 बैरागढ़कलां, 956. मोक्षा अहिरवार पिता\पति महेन्द्र सिंह पता- सिकरवार एच-6 भारत नगर भोपाल, 957. तुलसीदास श्रीवास पिता\पति दुलीचंद श्रीवास पता-लाल बहादुर शास्त्री वार्ड नंबर 3 कटनी, **जबलपुर संस्करण** - 958. सिद्ध कुमार जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 959. रजनीश कुमार जैन पिता\पति महेंद्र कुमार जैन, 960. सिद्धराज जैन पिता\पति रजनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 961. असराज साकेत पिता\पति अशोक साकेत पता- कोतमा, 962. अर्थव जैन पिता\पति सतीश जैन पता- पाटन, 963. आयुष सोनोने पिता\पति शरद सोनोने पता- जबलपुर मंजूपथ दीक्षित पूरा, 964. विधि तिवारी पिता\पति मनीष तिवारी पता- जबलपुर, 965. डॉ.आर.सी. जैन पिता\पति गाडरवारा, 966. कंछेदी लाल जैन पिता\पति स्वर्गीय नाथू लाल जी जैन पता- कोतमा, 967. वैष्णवी यादव पिता\पति सुरेंद्र यादव पता- कटनी, 968. सुरेश चंद्र तिवारी पिता\पति रेवा प्रसाद तिवारी पता-ग्राम गनियारी पोस्ट मुड़वारा कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*   शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में मनाया गया विजय दिवस



**जशपुरनगर।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में विजय दिवस के उपलक्ष्य में विगत दिवस 16 दिसम्बर को कार्यक्रम आयोजित किया गया। विजय दिवस के अवसर में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में कार्यक्रम की शुरुआत 1971 के वीर सैनिकों को पुष्प सुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात जशपुर जिले के 1971 में शामिल सैनिकों एवं उनके परिवारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आईसीआईसीआई बैंक की पूरी टीम भी मौजूद रही तथा उन्होंने सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। विदित हो कि विजय दिवस 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में भारत की विजय के उपलब्ध में मनाया जाता है।

### अग्निवीर भर्ती रैली के लिए प्रवेश पत्र जारी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ में जनवरी 2026 में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली के लिए भारतीय सेना द्वारा प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा यह भर्ती रैली 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित की जाएगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के पुरुष अभ्यर्थी भाग लेंगे। इस भर्ती रैली के अंतर्गत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी, अग्निवीर क्लर्क व स्टोर कीपर तथा अग्निवीर ट्रेड्समैन 10वीं एवं 8वीं पास पदों के लिए चयन प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के पात्र होंगे। सेना भर्ती कार्यालय द्वारा रैली में सम्मिलित होने वाले योग्य अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं तथा अभ्यर्थियों के पंजीकृत ई-मेल पते पर भी भेजे गए हैं। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना में उल्लेखित सभी आवश्यक दस्तावेज तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाइल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक स्थित सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-2965212 एवं 0771-2965214 पर संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय ने स्पष्ट किया है । कि भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और चयन केवल योग्यता एवं प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। अभ्यर्थियों को दलालों एवं प्रलोभन देने वालों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

### जिले में 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' शिविर 19 को

**जशपुरनगर।** वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार दावा न किए गए वित्तीय संपत्तियों के कुशल और त्वरित निपटान हेतु जशपुर कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में शिविर का आयोजन 19 दिसंबर को आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारतीय रिजर्व बैंक के नियम के अनुसर अगर कोई खाता 10 वर्ष तक निष्क्रिय खाता रहता है, उन खातों में जमा राशि जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता निधि में जमा हो जाता है। खातों को दावा आवेदन एवं केवाईसी दस्तावेज बैंक में जमा कर पुनः सक्रिय किया जा सकता है। देश भर में बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों को उनके असली मालिकों को लौटाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है 'आपकी पूँजी, आपका अधिकार' अभियान। इसका उद्देश्य नागरिकों को उनकी बिना दावे वाली वित्तीय संपत्तियों जैसे निष्क्रिय बैंक खाते, परिपक्व बीमा पॉलिसी और भूली हुई म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को पुनः प्राप्त करने में मदद करना है।

## जशपुर में परिवार न्यायालय भवन का वर्चुअल भूमिपूजन-शिलान्यास

# न्यायिक अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने 17 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य में न्यायिक अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वर्चुअल माध्यम से जिला जशपुर में नवीन परिवार न्यायालय भवन तथा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा एवं सुकमा में न्यायिक अधिकारियों के आवास गृह का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम में न्यायाधीश रविन्द्र कुमार अग्रवाल, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला जशपुर तथा माननीय न्यायाधीश बिभु दत्ता गुरु, पोर्टफोलियो न्यायाधीश, जिला दंतेवाड़ा वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के अन्य माननीय न्यायाधीशगण भी वर्चुअल लिंक के माध्यम से उपस्थित रहे।

इस दौरान मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि, राज्य की जिला न्यायपालिका को आधुनिक, सुदृढ़ एवं सुविधासंपन्न अधोसंरचना उपलब्ध कराना उच्च न्यायालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने स्मरण किया कि मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करने के पश्चात उनकी प्रथम यात्रा दंतेवाड़ा रही थी तथा उन्होंने दंतेवाड़ा की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए कहा कि विगत ढाई वर्षों में दंतेवाड़ा एवं जशपुर के जिला न्यायालयों की अधोसंरचना में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि, परिवार न्यायालय भवन एवं न्यायिक अधिकारियों के आवास गृह का निर्माण न्यायिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को अनुकूल एवं सुविधायुक्त कार्य वातावरण प्राप्त होगा, जिससे न्याय का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी वितरण संभव हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्य न्यायाधीश की ओर से पदभार ग्रहण करने के पश्चात सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के दूरस्थ जिला मुख्यालयों एवं बाह्य न्यायालयों का भ्रमण कर न्यायिक अधोसंरचना एवं आवश्यक सुविधाओं की कमी को दृष्टिगत रखते हुए दूरदर्शितापूर्ण एवं सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में न्यायिक अधोसंरचना का अभूतपूर्व विकास हो रहा है, जिससे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि के साथ-साथ पक्षकारों को शीघ्र न्याय प्राप्त करने की परिकल्पना साकार हो रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय जशपुर के स्वागत भाषण के साथ हुआ तथा समापन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधी दंतेवाड़ा के धन्यवाद के साथ हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री के अधिकारी, जिला जशपुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा के न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी, अधिवक्ता, न्यायालयीन कर्मचारी तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।



## धान खरीदी में मनमानी का आरोप, किसान आंदोलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

धान खरीदी व्यवस्था से त्रस्त किसानों का सब्र मंगलवार को जवाब दे गया। बगीचा अनुविभाग अंतर्गत बीमड़ा धान मंडी में धान खरीदी नहीं होने से आक्रोशित सैकड़ों किसानों ने बगीचा-बतौली स्टेट हाइवे को पूरी तरह जाम कर दिया। किसानों ने ट्रैक्टरों और धान से भरे वाहनों को सड़क पर आड़ा-तिरछा खड़ा कर जोरदार चक्काजाम किया, जिससे हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर यात्री बसों, चारपहिया और दोपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

■ बगीचा–बतौली हाइवे पर ट्रैक्टर, धान रखकर किया चक्काजाम

### घंटों परेशान रहे यात्री और स्कूली बच्चे

अचानक लगे जाम से आमजन को भारी परेशानी उठानी पड़ी। यात्रियों को बसों में ही घंटों फंसे रहना पड़ा, वहीं स्कूल जाने और लौटने वाले बच्चों को भी सड़क पर खड़ा रहना पड़ा। कई वाहन चालकों ने वैकल्पिक रास्तों की तलाश की, लेकिन हाइवे बंद होने से स्थिति और बिगड़ती चली गई। भीषण जाम के कारण क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### बिमड़ा मंडी में धान लौटाने का आरोप

किसानों का आरोप है कि बिमड़ा धान मंडी में खरीदी केंद्र के मंडी प्रबंधन द्वारा धान को मनमाने ढंग से अस्वीकृत किया जा रहा है। कभी धान में नमी अधिक बताकर तो कभी अधिक सूखा और पुराना कहकर धान वापस लौटा दिया जा रहा है।

### प्रशासन मौके पर, एक घंटे बाद खुला जाम

हाइवे जाम की सूचना मिलते ही बगीचा एसडीएम प्रदीप राठिया और तहसीलदार सुशील शुक्ला मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने आक्रोशित किसानों से चर्चा कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया और धान खरीदी से जुड़ी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। समझाइश के बाद किसानों को धान खरीदी केंद्र ले जाया गया, जिसके पश्चात करीब एक घंटे से अधिक समय बाद चक्काजाम समाप्त हुआ और यातायात बहाल हो सका।

### फिर चेतावनी, नहीं सुधरी व्यवस्था तो आंदोलन होगा उग्र

किसानों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि धान खरीदी में पारदर्शिता नहीं लाई गई और मनमानी रवैया जारी रहा, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र किया जाएगा। किसानों का कहना है कि सरकार एक ओर किसानों के हित की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर मंडियों में उन्हें धान बेचने के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# फर्जी वर्दी पहनकर नौकरी का झांसा, 2 लाख की ठगी



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का जवान बनकर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने बिलासपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने कलेक्ट्रेट परिसर में वर्दी पहनकर घूमते हुए दो महिलाओं को अपने जाल में फंसाया और मत्स्य विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए ठग लिए। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली जशपुर में प्रार्थिया सीमा बाई उम्र 39 वर्ष निवासी झरगांव चौकी सोनक्यारी ने 8 दिसंबर 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 28 अगस्त 2025 को कलेक्ट्रेट परिसर जशपुर में उसकी मुलाकात पुलिस की वर्दी पहने एक युवक से हुई, जिसने अपना नाम पुन्नी लाल अनंत बताया। उसने खुद को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का सिपाही बताते हुए कलेक्ट्रेट में ऊंची पहुंच का दावा किया और मत्स्य विभाग में नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपी के झांसे में आकर प्रार्थिया ने 2 लाख रुपए दे दिए। आरोपी ने शेष रकम मिलने पर ज्वाइनिंग लेटर देने की बात कही थी। इतना ही नहीं, प्रार्थिया की भतीजी को डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी दिलाने के नाम पर उसके शैक्षणिक दस्तावेज भी अपने पास रख लिए और 3 लाख रुपए की अतिरिक्त मांग की। बाद में प्रार्थिया को पता चला कि आरोपी कोई पुलिसकर्मी नहीं है और उसने फर्जी वर्दी पहनकर ठगी की है।

# नवापाली के किसान ज्ञानसागर ने बेचा 117 क्विंटल धान, सीएम की किसान हितैषी नीति से मिला भरोसा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की एक सरलए पारदर्शी और संवेदनशील व्यवस्था विकसित की गई है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि अन्नदाता को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उसे समय पर उचित मूल्य प्राप्त हो। इसी सोच के अनुरूप जिले में शासन के निर्देशानुसार धान खरीदी का कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित ढंग से लगातार जारी है।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपार्जन केंद्रों में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टोकन व्यवस्था लागू की गई हैए जिससे किसानों को न केवल समय पर टोकन मिल रहा है, बल्कि धान विक्रय की प्रक्रिया भी अत्यंत सहज हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की किसान हितैषी सोच के तहत प्रदेश में तूहर टोकन मोबाइल ऐप को 24×7 सक्रिय कर दिया गया है। अब किसान दिन रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकते हैं। साथ ही किसान 13 जनवरी तक अगले 20 दिनों के लिए अग्रिम टोकन प्राप्त कर सकेंगे, जिससे भीड़, तकनीकी दबाव और असुविधा जैसी समस्याओं से राहत मिल रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के ग्राम नवापाली के किसान ज्ञानसागर जेना ने ऑनलाइन टोकन व्यवस्था का लाभ उठाते हुए उपार्जन केंद्र में 117 क्विंटल धान का सफलतापूर्वक विक्रय किया। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन टोकन मिलने से उन्हें समय पर उपार्जन केंद्र बुलाया गया और पूरी प्रक्रिया बेहद आसान एवं व्यवस्थित रही। ज्ञानसागर जेना ने कहा कि धान विक्रय के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उपार्जन केंद्र में छाया, पेयजल, बैठने और सुचारू तौल जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध थीं। किसान ज्ञानसागर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन द्वारा किसानों के हित में की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। रायगढ़ जिले में वर्तमान में सभी 105 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार सभी केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। शासन की मंशा के अनुरूप लघु एवं सीमांत किसानों से प्राथमिकता के आधार पर धान खरीदी की जा रही है वहीं बड़े किसानों से समिति में उपलब्ध निर्धारित सीमा के अनुसार धान उपार्जन किया जा रहा है।

■ ऑनलाइन टोकन व्यवस्था बनी किसानों के लिए वरदान, धान विक्रय हुआ सरल, सुगम और पारदर्शी

## सरिया में जगतगुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका सुश्री श्रीश्वरी देवी का आध्यात्मिक दिव्य प्रवचन



**सरिया।** जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी जी का सरिया में बुधवार को आध्यात्मिक प्रवचन एवं रसमय संकीर्तन का शुभारंभ हुआ। इसके पहले नगर में रथ यात्रा निकल गई। जिसमें भगवान श्री कृष्ण एवं जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की तस्वीर की पूजा पाठ कर रथ की सवारी के साथ नगर भ्रमण किया गया। अंत में दामो बाडी में आयोजित दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन प्रारंभ हुआ। 17 से 29 दिसंबर तक 13 दिन चलने वाली इस आध्यात्मिक प्रवचन में शाम 4 बजे से 7 बजे तक सुश्री श्रीश्वरी देवी जी प्रवचन देगें ।

उनके प्रवचन के प्रथम दिन ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रवचन में शामिल हुए। भव्य पंडाल में प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रवचन एक दिन भी मिस ना करें। मिस कर देते हैं। तो इससे जो आपका क्रम है वह टूट जाएगा। मैंने जो शंका रखी है। उसका समाधान आपको नहीं मिल पाएगा और आपके भीतर जो शंकाएं हैं वह सदा वैसे ही बनी रहेगी। जो शंका पैदा हुई है। उसका समाधान आपको नहीं मिल पाएगा और आप हमेशा परेशान रहेंगे। एक शंका थी उसका समाधान पता नहीं क्या होगा तो इसीलिए आप प्रतिदिन अगर सुने तो सारी शंकाओं का समाधान आपको यहां पर प्राप्त हो जाएगा और यह चैलेंज है मेरा यदि आप यह तेरह दिन का प्रवचन ध्यान पूर्वक श्रवण कर लेते हैं। एक भी आध्यात्मिक संबंधी शंका आपके भीतर शेष रहेगी। यह चैलेंज है मेरा। सभी शंकाओं का पूर्ण समाधान आपको यहां प्राप्त हो जाएगा। बस शर्त यह है कि आप समय से उपस्थित हो। मुझसे पहले आप पंडाल में उपस्थित हो जाए और प्रतिदिन उपस्थित होकर पूर्ण रूप से प्रवचन सुने तो आपकी समस्त समस्याओं का पूर्ण समाधान होगा। यह मेरा चैलेंज है।

## तहसीलदार ने स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**तमता।** तहसीलदार प्रांजल मिश्रा ने पत्थलगांव विखं स्थित शासकीय माध्यमिक शाला बालाझर एवं नागर पखना का भ्रमण कर विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान मिश्रा ने शिक्षकों को शासन द्वारा विद्यार्थियों को प्रदत्त समस्त शैक्षणिक सुविधाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने व शिक्षण कार्य में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि, आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। उनकी प्रतिभाओं को निखारकर और कमियों में सुधार कर एक सशक्त भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त शासकीय शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य पूर्ण किया गया है। अंकेक्षण के प्राप्त परिणामों के आधार पर विद्यालयों की ग्रेडिंग की गई है, जिसके अंतर्गत जशपुर जिले में डी-ग्रेड चिन्हांकित शालाओं के लिए जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की टीमें गठित की गई हैं। इसी क्रम में तहसीलदार प्रांजल मिश्रा पत्थलगांव विकासखंड की शासकीय माध्यमिक शाला बालाझर व नागर पखना की दोनों स्कूलों की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा 12 से 19 दिसम्बर तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को जनसामान्य के समक्ष प्रदर्शित करना है। इस विशेष सप्ताह के अंतर्गत 16 दिसंबर 2025 को समाज कल्याण जशपुर द्वारा जनक वृद्धाश्रम जशपुर नगर में जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत द्वारा बताया गया कि, वरिष्ठ हमारे समाज के अमूल्य धरोहर है। उनका जीवन का अनुभव हमारे जीवन के लिए धारणीय एवं अनुकरणीय है। जीवन से मृत्यु तक शासन की योजनाओं, के अलावा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना इत्यादि के बारे में वरिष्ठ नागरिक को बताया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत एवं पार्षद शैलेन्द्री यादव द्वारा जिले के 75 वरिष्ठ नागरिकों को कम्बल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित 2 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण जशपुर के धर्मेंद्र कुमार साहू द्वारा 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का संक्षिप्त व्याख्यान दिया गया। साथ ही सियान हेल्पलाइन 155326 के बारे में बताया गया।

## सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट से गांव-गांव हो रहे रोशन



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस पहल से गांव-गांव रोशन हो रहे हैं और हर गली व हर मोहल्ला अब प्रकाश से जगमगा रहा है। सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट ने न केवल गांवों की तस्वीर बदली है, बल्कि ग्रामीण जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक हो गई है।

फरसाबहार ब्लॉक के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में सुरक्षा की दृष्टिकोण से गावों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था किए जाने की मांग की थी। ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कैंप कार्यालय की विशेष पहल पर सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट लगाने की कार्ययोजना तैयार की गई और इसका क्रियान्वयन किया गया। फरसाबहार ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम फरसाबहार, खुटगांव, बनगांव, हेटघिंचा, गारीघाट एवं भगोरा जैसे गांवों में सौर स्ट्रीट लाइट की स्थापना से स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पहले जहां अंधेरे के कारण रात के समय आवागमन में कठिनाइयां होती थीं, वहीं अब पर्याप्त रोशनी के कारण ग्रामीणों को सुरक्षित माहौल मिल रहा है। महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी अब बिना भय के रात में बाहर निकल पा रहे हैं। स्ट्रीट लाइट लगने से हाथी प्रभावित क्षेत्र पहले से कहीं अधिक सुरक्षित हो गई है। रात के समय पर्याप्त प्रकाश उपलब्ध होने से सतर्कता की वजह से मानवदूहाथी संघर्ष की घटनाओं में भी कमी आईं है। ग्रामीणों को हाथियों की गतिविधियों का पहले से आभास हो जाता है, जिससे वे सतर्क रह पाते हैं और जानदूमाल की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। सौर ऊर्जा से संचालित होने से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। यह पहल स्वच्छ, हरित और सतत ऊर्जा के उपयोग की दिशा में एक सशक्त कदम है। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, सौर स्ट्रीट लाइटों से उनके गांवों में सुरक्षा, सुविधा और विकास की नई रोशनी आई है, जिससे उनका दैनिक जीवन अधिक सहज और सुरक्षित हुआ है।

## सुशासन के दो साल, सड़क विकास में ऐतिहासिक उपलब्धि


# जिले को मिली 986 करोड़ 90 लाख रूपए की बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में दो साल का सुशासन प्रदेश के विकास की नई इबारत लिख रहा है। इस अवधि में सड़क निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में कुल 623 सड़कों के निर्माण के लिए 986 करोड़ 90 लाख रुपए की ऐतिहासिक सौगात दी है।

■ मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में बदल रही है गांव की तस्वीर

यह केवल आंकड़े नहीं, बल्कि जिले के गांव-गांव तक विकास की मजबूत नींव हैं। लोक निर्माण विभाग के तहत जिले के 108 सड़कों के निर्माण हेतु 634 करोड़ 32 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है, जिससे प्रमुख मार्गों की कनेक्टिविटी मजबूत हो रही है, गांव से मुख्य सड़कों तक जोड़ने के लिए तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य किया जा रहा है।



### प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क को 93 सड़कों के लिए 239 करोड़

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत जिले के 93 सड़कों के लिए 239 करोड़ 23 लाख रुपए स्वीकृत किए गए, जिससे दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने का सपना साकार हो रहा है। ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत जिले के 29 सड़कों के निर्माण के लिए 76 करोड़ 20 लाख रुपए की मंजूरी मिली है। इसके साथ ही ग्राम गौरव पथ योजना के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सीसी रोड निर्माण कार्यों के लिए 5 करोड़ 81 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

### गांव-मोहल्लों की सड़कों पर भी विशेष नजर, मुख्यमंत्री सड़क योजना

प्रदेश सरकार ने गांव-मोहल्लों की आंतरिक सड़कों पर भी विशेष ध्यान दिया है। विभिन्न योजनाओं के तहत जिले के विभिन्न गांव मुहल्ले में 376 सीसी रोड निर्माण के लिए 31 करोड़ 34 लाख रुपए की स्वीकृति से गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। सड़क निर्माण से न केवल दूरी घटेगी, बल्कि विकास की रफ्तार भी कई गुना बढ़ेगी।

### 20 नवयुवकों को दिया गया माली प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** उद्यानिकी विभाग द्वारा कांसाबेल के शासकीय उद्यान रोपणी टागरगांव में विगत दिवस 15 दिसम्बर को माली प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया, जिसमें जनपद अध्यक्ष सरिता भगत, जनपद उपाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, बीडीसी अटल साय, भूत पूर्व जनपद अध्यक्ष मोतीलाल भगत कृषि विभाग से एसडीओ मिथुन चौधरी एवं उद्यानिकी विभाग से समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। माली प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत उद्यानिकी फसलों के उत्पादन की व्यवहारिक और तकनीकी कौशल सिखा कर नवयुवकों को स्वरोजगार जैसे नर्सरी खोलना या नौकरी के अवसर तथा पौधों की देखभाल, सिंचाई, खाद प्रबंधन, कीट नियंत्रण और उद्यानिकीकरण जैसे कामों में कुशल माली के रूप में तैयार करने के उद्देश्य के तहत माली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### सुशासन सप्ताह के तहत जिले में लगेंगे 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर

**जशपुरनगर।** जिले में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय संतृप्तिकरण तथा जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सुशासन सप्ताह के अंतर्गत 'प्रशासन गांव की ओर' सुशासन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



# सितारों के सितारे में अनोखी और भावुक कहानी की मिली झलक

**मुंबई।** आमिर खान ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी अलग तरह की सोच के लिए जाने जाते हैं। जल्द ही उनका प्रोडक्शन 'सितारों के सितारे'को थिएटर में रिलीज करेगा। हाल ही इस खास डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसी साल आमिर खान स्टारर एक फिल्म 'सितारे जमीन पर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी के अहम किरदार कुछ स्पेशल किड्स थे। अब इन बच्चों की जिंदगी के पीछे के असल सितारों की कहानी को आमिर खान प्रोडक्शन एक डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'के जरिए बयां करेंगे। जल्द ही यह डॉक्यूमेंट्री थिएटर में रिलीज भी होगी। आमिर खान की फिल्म 'सितारे जमीन पर'पर कुछ स्पेशल चाइल्ड नजर आए थे। इन बच्चों ने फिल्म में कमाल का अभिनय किया था। इन बच्चों के पैरेंट्स का कैसा स्ट्रगल रहा? कैसे उन्होंने अपने स्पेशल चाइल्ड को पाला? और कैसे ये बच्चे फिल्म 'सितारे जमीन पर' क्या हिस्सा बने? इन बातों को डॉक्यूमेंट्री 'सितारों के सितारे'में समेटा गया है।

## लाइफ Style

# श्रद्धा

## हमारी भावनाओं के साथ मत खेलो

रणवीर सिंह की 'धुरंधर'इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है। वहीं, दूसरी ओर फिल्म को कई सेलेब्स से भी लगातार प्रशंसा मिल रही है। अक्षय कुमार, विक्की कौशल और ऋतिक रोशन से लेकर अल्लू अर्जुन और सामंथा रुथ प्रभु जैसे सितारों ने फिल्म की जमकर प्रशंसा की है। अब इस लिस्ट में श्रद्धा कपूर का नाम भी शामिल हो गया है।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

श्रद्धा ने फिल्म की तारीफ करते हुए दूसरे पार्ट के लिए भी अपनी उत्सुकता जाहिर की है। साथ ही उन्होंने आदित्य धर से दूसरा पार्ट जल्दी लाने की भी बात कही। श्रद्धा कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज साझा कीं। अपनी स्टोरीज में उन्होंने लिखा, 'आदित्य धर का धुरंधर बनाना वाकई बुरा लग रहा है, क्योंकि दूसरे पार्ट के लिए हमें तीन महीने का इंतजार करवाया है। हमारी भावनाओं के साथ खिलवाड़ मत करो। कृपया इसे पहले रिलीज कर दो।' श्रद्धा ने आगे फिल्म की तारीफ करते हुए कहा कि क्या शानदार अनुभव रहा। अगर सुबह शूट नहीं होता तो अभी जाकर दोबारा देखती है। आगे इस साल हिंदी सिनेमा को मिली हिट फिल्मों का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि छावा, सैयारा और धुरंधर सभी 2025 के हिंदी सिनेमा में। आगे श्रद्धा कपूर ने आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम को मिले निगेटिव पीआर के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'यामी गौतम को निगेटिव पीआर और मनगढ़ंत विवादों का सामना करना पड़ा, लेकिन धुरंधर ने इन सब का सामना किया और शानदार प्रदर्शन किया। कोई भी बुरी ताकत एक अच्छी फिल्म को नीचे नहीं गिरा सकती। हमें दर्शकों पर भरोसा है। हमारी भावनाओं से मत खेलो। धुरंधर बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचाए हुए है।



## हॉलीवुड मसाला



# ल्यूक स्पेंसर के रोल ने बदली किस्मत

**लॉस एंजिल्स।** टीवी की दुनिया में कुछ किरदार ऐसे होते हैं, जो कलाकार से कहीं आगे निकलकर एक पूरी पीढ़ी की यादों का हिस्सा बन जाते हैं। अमेरिकी टेलीविजन इतिहास में ल्यूक स्पेंसर ऐसा ही एक नाम है। इस यादगार किरदार को अमर करने वाले अभिनेता एंथनी गीरी का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। एंथनी गीरी का जन्म अमेरिका के यूटा राज्य में हुआ था। बचपन से ही अभिनय की ओर झुकाव रखने वाले गीरी ने थिएटर के जरिए अपने कॅरियर की नींव रखी। यूनिवर्सिटी ऑफ यूटा से थिएटर स्कॉलरशिप मिलने के बाद उन्होंने अभिनय को गंभीरता से अपनाया और 1970 के दशक में लॉस एंजेलिस का रुख किया। शुरुआती दौर में उन्होंने कई लोकप्रिय टीवी शोज में छोटे-छोटे किरदार निभाए, जिससे इंडस्ट्री में उनकी पहचान बनने लगी।



# इंटरनेट पर लीक हुए अवेंजर्सः डूम्सडे के टीजर

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की सबसे मच अवेटेड फिल्मों में से एक 'अवेंजर्सः डूम्सडे' रिलीज से पहले ही जबरदस्त चर्चा में आ गई है। वजह है फिल्म के तीन टीजर ट्रेलर्स का ऑनलाइन लीक हो जाना, जिसने मार्वल स्टूडियो की पूरी मार्केटिंग रणनीति को हिला कर रख दिया है। इन लीक वीडियोज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैंस के बीच कयासों का दौर तेज हो गया है। बताया जा रहा है कि मार्वल स्टूडियो ने 'अवेंजर्स डूम्सडे' के लिए एक बेहद खास प्रमोशनल प्लान तैयार किया था। स्टूडियो का प्लान था कि फिल्म के चार अलग-अलग टीजर ट्रेलर सिनेमाघरों में एक्सक्लूसिव तौर पर दिखाए जाएं। ये ट्रेलर्स जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ अटैच किए जाने थे, ताकि बड़े पर्दे पर मार्वल का अनुभव और भी भव्य हो सके। लेकिन थिएटर में बैठे कुछ दर्शकों ने इन क्लिप्स को रिकॉर्ड कर लिया और देखते ही देखते तीन टीजर इंटरनेट पर वायरल हो गए। लीक हुए टीजर ट्रेलर्स में जो बातें सामने आई हैं, उन्होंने मार्वल फैन्स को हैरान कर दिया है।



# पठान 2 में होगी जूनियर एनटीआर की एंट्री

**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर रणवीर सिंह की स्पाई-थ्रिलर फिल्म धुरंधर धमाका मचाए हुए है। इस बीच अब यशराज फिल्म के स्पाई-यूनिवर्स की फिल्म पठान 2 को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बीते दिनों शाहरुख खान की मौजूदगी में पठान 2 के बनने की बात सामने आई थी। इसके बाद अब शाहरुख की इस आगामी फिल्म को लेकर एक नई चर्चा जोरों पर चल रही है। इन चर्चाओं के सामने आने के बाद अब 'पठान 2' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। एक रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि स्पाई यूनिवर्स का नया हिस्सा बने जूनियर एनटीआर अब शाहरुख खान की 'पठान 2' में भी नजर आएंगे। चर्चाएं हैं कि 'पठान 2' में जूनियर एनटीआर को लेने की बात चल रही है। ऐसी चर्चा है कि फिल्म में जूनियर एनटीआर की भूमिका सिर्फ एक छोटी सी झलक से कहीं अधिक होगी।



# सनी की दमदार आवाज में बॉर्डर 2 का टीजर रिलीज

**मुंबई।** एक बार फिर सिनेमाघरों में दिखेगी भारतीय सेना के शौर्य की कहानी। अब फैंस का इंतजार खत्म हुआ और सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 23 जनवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टीजर में एक्शन और इमोशन के साथ शौर्य की गाथा देखने को मिलती है। टीजर की शुरुआत सनी देओल के वॉइस ओवर से होती है। जिसमें वो कहते हैं, 'तुम जहां से भी घुसने की कोशिश करोगे, आसमान से, जमीन से, समंदर से.. सामने एक हिंदुस्तानी फौजी खड़ा पाओगे। जो आंखों में आंखें डालकर सीना ठोककर कहेगा हिम्मत है तो आ, ये खड़ा है हिंदुस्तान।' इसके बाद टीजर में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध को दिखाया गया जाता है।

## टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के अब्दुल हैं 2 रेस्टोरेंट के मालिक

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता...' साल 2008 में शुरू हुआ था, और तभी से शरद संकला इसमें अब्दुल का किरदार निभाते आ रहे हैं। हालांकि, इससे पहले सात साल तक शरद संकला बेरोजगार थे। उनके पास कोई काम नहीं था। हाल ही एक इंटरव्यू में शरद संकला ने अपने स्ट्रगल के दिनों को याद किया। मालूम हो कि शरद संकला ने बॉलीवुड में भी काम किया है। वह कुछ फिल्मों में छोटे-मोटे रोल्स में नजर आए। यहां तक कि वह शाहरुख खान स्टारर बादशाह और बाजीगर के अलावा हम हैं राही प्यार के, हम आपके दिल में रहते हैं और साजन चले ससुराल में भी नजर आए थे। पर एक समय ऐसा था, जब शरद संकला के पास कोई काम नहीं था, और वह 7 साल तक खाली बैठे थे। लेकिन फिर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' मिला, और उनकी जिंदगी बदल गई। शरद संकला आज हर घर में पहचाने जाते हैं और उनकी शो से अच्छी कमाई भी हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'तारक मेहता' में एक एपिसोड के लिए 35-40 हजार रुपए फीस मिलती है। इसके अलावा उनके मुंबई में दो रेस्टोरेंट हैं, जिनसे अच्छी कमाई होती है। शरद संकला का एक रेस्टोरेंट जुहू में है और इसका नाम 'पार्ले पॉइंट' है और दूसरा अंधेरी में है, जिसका नाम 'चार्ली कबाब' है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शरद संकला की नेट वर्थ 4-6 करोड़ रुपए बताई जाती है।

## तान्या की रईसी की फिर खुली पोल!

**नई दिल्ली।** तान्या मित्तल 'बिग बॉस 19' से निकलकर अपने घर ग्वालियर पहुंच गई हैं। वहां पहुंचते ही उन्होंने कई वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए और लोगों को अपनी रईसी का सबूत देने लगीं। लेकिन इसी बीच उनसे एक बड़ी भूल हो गई, जिसके बाद तो लोगों ने उनको झूठा और फेक कहने में कोई कसर नहीं छोड़ी। क्योंकि इस बार लोगों ने सबूत भी पेश किया है, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। तान्या मित्तल ने इंस्टा स्टोरी पर ग्वालियर पहुंचते ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह कार के अंदर से पीछे आ रही गाड़ी का वीडियो बना रही थीं और कह रही थीं, 'अम्मू आ गया। आ जा... आ जा...।' अब उसमें उनके भाई अमृतेश तो नजर नहीं आ रहे थे लेकिन कार जरूर दिख रही थी, जिसकी नंबर प्लेट दिल्ली और मध्यप्रदेश की नहीं, बल्कि उत्तराखंड की थी। एक्स हैंडल पर एक यूजर ने तान्या की स्टोरी का स्क्रीनशॉट पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है, 'अम्मू आ गया।' वहीं, दूसरी फोटो आईटीओ डिटेल्स की है, जिसमें गाड़ी का नंबर यूके07डीके3600 है और मालिक का नाम छिपाया गया है।



# विक्रांत बेस्ट एक्टर, छाई रही ब्लैक वॉरंट जयदीप ने पाताल लोक 2 के लिए जीता अवॉर्ड


**मुंबई।** सोमवार 15 दिसंबर को फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 इवेंट आयोजित हुआ है। मुंबई में हुए इस कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए हैं। इवेंट में एक्टिंग, डायरेक्शन, बेस्ट स्टोरी, बेस्ट साउंड डिजाइन से लेकर टेक्निकल सहित कई श्रेणियों में विजेताओं को अवॉर्ड दिए गए हैं। अनन्या पांडे अभिनीत फिल्म कंट्रोल ने तीन अवॉर्ड्स पर कब्जा जमाया है।

### बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड

अभिनेता जयदीप अहलावत को बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल) ड्रामा का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड 'पाताल लोक सीजन 2' के लिए मिला है। बेस्ट सीरीज क्रिटिक्स का अवॉर्ड भी 'पाताल लोक सीजन 2' को मिला है।

### प्रीति पाणिग्रही बनीं बेस्ट एक्ट्रेस

बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (फीमेल) का क्रिटिक्स अवॉर्ड प्रीति पाणिग्रही को फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' के लिए दिया गया। उन्होंने अवॉर्ड लेकर खुशी साझा की और दर्शकों का शुक्रिया अदा किया। अभिषेक बनर्जी को थ्रिलर फिल्म 'स्टोलन' के लिए बेस्ट एक्टर, वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड मिला है।



### पाताल लोक सीजन 2 को मिले ये अवॉर्ड

बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले, सीरीज का फिल्मफेयर अवॉर्ड सुदीप शर्मा, अभिषेक बनर्जी और राहुल कनौजिया, तमाल सेन को 'पाताल लोक' सीजन 2 के लिए प्रदान किया गया है। इसके अलावा इसी सीरीज के लिए सुदीप शर्मा को बेस्ट स्टोरी का भी फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला है।

### सेक्टर 36 के लिए विक्रांत को मिला अवार्ड

वेब ओरिजनल फिल्म (मेल) क्रिटिक्स के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड विक्रांत मैसी की झोली में आया। उन्हें यह अवॉर्ड 'सेक्टर 36' के लिए दिया गया है। फिल्म फेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर, सीरीज (मेल): क्रिटिक्स ड्रामा जहान कपूर को 'ब्लैक वॉरंट' के लिए दिया गया है। बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) अवॉर्ड अनुभव सिन्हा को 'आईसी 814: द कंधार हाईजैक' के लिए दिया गया है। इसके अलावा 'द हंट: द राजीव गांधी एसासिनेशन केस' के लिए नागेश कुकुनूर को भी बेस्ट डायरेक्टर, सीरीज (क्रिटिक्स) का फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड दिया गया।

# भुज से लेकर द गाजी अटैक तक, इन फिल्मों में दिखी विजय दिवस की कहानी

**नई दिल्ली।** यूं तो कई जांबाज भारतीय सैनिकों ने अपनी जुबानी इस जंग की कहानी सुनाई है पर विजय दिवस और 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के युद्ध की पृष्ठभूमि पर कई फिल्में भी बनी हैं।

### द गाजी अटैक (2017)

1971 के इस युद्ध में पाकिस्तान की पनडुब्बी पीएनएस गाजी का अहम किरदार था। कहा जाता है कि इसका मकसद भारत का विमानवाहक पोत, आईएनएस विक्रांत को तबाह करना था पर भारतीय नौसेना ने इसे तबाह कर दिया था। जंग के इसी पहलू को फिल्म 'द गाजी अटैक' में दिखाया गया था। फिल्म में राणा दग्गुबाती, केके मेनन, अतुल कुलकर्णी और तापसी पन्नू अहम किरदारों में थे। इस फिल्म को 65वें राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ तेलुगु फीचर फिल्म के सम्मान से नवाजा गया था।

### भुज- द प्राइड ऑफ इंडिया (2021)

अभिषेक दुधैया निर्देशित इस फिल्म की कहानी भी 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। फिल्म में इंडियन एयर फोर्स के स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक की कहानी बयां की गई, जो उस समय भुज एयर फोर्स बेस के इंचार्ज थे। विजय कार्णिक ने माधापार गांव की 300 स्थानीय महिलाओं की मदद से 72 घंटों में टूटी हुई हवाई पट्टी को फिर से बनाया था। इस फिल्म में अजय देवगन ने कार्णिक का रोल निभाया था। साथ में संजय दत्त, सोनाक्षी सिन्हा, नोरा फतेही, शरद केलकर और एमी विर्क भी नजर आए थे।



### पिप्पा (2023)

शाहिद कपूर के छोटे भाई ईशान खट्टर अभिनीत फिल्म 'पिप्पा' की कहानी भी 1971 के युद्ध पर आधारित थी। कहानी भारत की 45 कैवलरी रेजिमेंट के कप्तान बलराम सिंह मेहता के जीवन पर आधारित थी, जिन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पूर्वी मोर्चे पर लड़ाई लड़ी थी। यह 1971 में गरीबपुर की लड़ाई के दौरान हुई असली घटनाओं पर आधारित थी। फिल्म में ईशान के अलावा मृणाल ठाकुर और प्रियांशु पैन्यूली ने भी अहम किरदार निभाया था।

## लाल सिंह चड्ढा से लेकर प्लेयर्स तक बॉलीवुड फिल्में दर्शकों के लिए तरसीं

# हिट हॉलीवुड फिल्मों की ये रीमेक फिल्में रहीं फ्लॉप

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

बॉलीवुड में कई हॉलीवुड फिल्मों के रीमेक बने हैं। इन फिल्मों को खूब सराहना मिली है। हालांकि, कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जो हॉलीवुड में खूब चली हैं, लेकिन उनके रीमेक बॉलीवुड में कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। आज हम उन फिल्मों के बारे में जानेंगे जो कामयाब हॉलीवुड फिल्मों का रीमेक हैं लेकिन वह दर्शकों को नहीं लुभा पाईं।



### लाल सिंह चड्ढा

साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' हॉलीवुड फिल्म 'फॉरेस्ट गम्प' का रीमेक थी। इसमें आमिर खान और करीना कपूर जैसे बड़े कलाकारों ने किरदार निभाया। इसके बावजूद यह फिल्म दर्शकों को नहीं लुभा पाई। इससे साबित होता है कि अगर हॉलीवुड की कोई फिल्म ज्यादा पसंद की गई हो, तो जरूरी नहीं कि हिंदी में भी पसंद की जाए।



### प्लेयर्स

*साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'प्लेयर्स' हॉलीवुड फिल्म 'द इटालियन जॉब' का रीमेक थी। इसमें अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और बॉबी देओल जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि फिल्म खूब चलेगी। हालांकि बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। आलोचकों से भी इसे सराहना नहीं मिली।*

### एक्शन रिप्ले

साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म 'एक्शन रिप्ले' में अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय ने भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 'बैक टू द फ्यूचर' की रीमेक थी। इसमें ऐसे बच्चे की कहानी दिखाई गई है, जो अपने माता-पिता के बिगड़े रिश्ते को ठीक करने के लिए टाइम मशीन का इस्तेमाल करता है। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।



### गॉड तुस्सी ग्रेट हो

सलमान खान और प्रियंका चोपड़ा की अदाकारी वाली फिल्म 'गॉड तुस्सी ग्रेट हो' साल 2008 में रिलीज हुई थी। यह फिल्म हॉलीवुड फिल्म 'ब्रूस ऑलमाइटी' की रीमेक थी। फिल्म में सलमान खान ने एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाई है, जो अपनी जिंदगी से परेशान है और उसे एक दिन के लिए भगवान बनने का मौका मिलता है। फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक बुलाने में नाकाम रही।

### दिल बोले हड़िप्पा

फिल्म 'दिल बोले हड़िप्पा' (2009) में रानी मुखर्जी ने एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जो पुरुष क्रिकेट टीम में खेलने के लिए पुरुष का वेश धारण करती है। फिल्म कॉमेडी थी लेकिन दर्शकों ने इसे नकार दिया। यह फिल्म 'शी इज द मैन' का रीमेक थी। इसमें रानी मुखर्जी के साथ शाहिद कपूर भी थे।



